दिनांक: 30. 07. 2725 समय : 07.10PM

## प्रादेशिक समाचार

### मुख्य समाचार

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए मध्यस्थता के दावों का राज्यसभा में किया खंडन।
- राज्य विधानसभा में आज अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा, 4 विधेयक भी पेश किए गए।
- प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भारी बारिश से उत्पन्न स्थितियों की समीक्षा की, कहा- जरुरी हुआ तो हेलीकाप्टर से प्रभावितों को कराया जाएगा एयरलिफ्ट।

**राज्यसभा- ऑपरेशन सिंदूर**

राज्यसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए मध्यस्थता के दावों का खंडन करते हुए कहा है कि 22 अप्रैल से 16 जून तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर किसी प्रकार की बातचीत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि किसी भी विश्व नेता ने भारत से यह ऑपरेशन रोकने के लिए नहीं कहा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बहावलपुर और मुरीदके जैसे सबसे बड़े आतंकवादी केंद्रों को भारी नुकसान हुआ है। श्री जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तानी हवाई अड्डों का विनाश और पाकिस्तान में आतंकवादियों के अंतिम संस्कार के वीडियो ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे की मंशा जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को तबाह करना है, जो अनुच्छेद 370 हटने के बाद सामान्य स्थिति और समृद्धि की ओर अग्रसर हुआ। राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने चर्चा में भाग लेते हुए, सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपीए शासन के दौरान पाकिस्तान के साथ व्यापार के साथ-साथ आतंकी घटनाएँ भी हो रही थीं।

**विधानसभा सत्र**

राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र का आज तीसरा दिन था। आज सदन में 2 हजार 335 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। इससे पहले सदन में 4 विधेयक पेश किए गए हैं। इसमें उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने एक और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने तीन विधेयक पटल पर रखे। इस बीच कांग्रेस विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में आदिवासी अधिकारों को लेकर विधानसभा परिसर में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायकों ने पत्तों से बनी मालाएं पहनकर सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया और आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज़ बुलंद की। विपक्ष के प्रदर्शन पर निशाना साधते हुए ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ दिखावे की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी ईमानदारी से जनहित में काम कर रही है।

**शिवराज- पीएम किसान 20वीं किस्त**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इस संबंध में सोशल मीडिया संदेश के जरिए जानकारी देते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि इसका लाभ अधिकतम किसानों तक पहुँचे। कार्यक्रम की नई दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठक में, श्री चौहान ने अधिकारियों को राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में आयोजित करने का आह्वान किया। श्री चौहान ने पूरे देश के किसानों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का भी आग्रह किया।

बारिश समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जान-माल की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित होमगार्ड, आपदा प्रबंधन दल सब मिल जुलकर पूरी सजगता और सतर्कता से कार्य करें। राहत एवं बचाव दल पूरी तैयारी से रहें और जरूरमंदों तक तत्काल सभी प्रकार की मदद

पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने आज होमगार्ड मुख्यालय स्थित आपदा प्रबंधन कक्ष पहुंचकर प्रदेश के कई जिलों में भारी वर्षा के चलते उत्पन्न परिस्थितियों की जानकारी ली और जन सुरक्षा प्रबंधन के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि रीवा, गुना, दमोह, अशोकनगर, शिवपुरी आदि जिलों में करीब 2 हजार 900 बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित रेस्क्यू कर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो प्रभावितों को एयलिफ्ट कर लोगों का रेस्क्यू किया जाएगा।

बारिश-प्रदेश

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से जन-जीवन प्रभावित हुआ है। केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने के बाद कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी सहित अशोकनगर व गुना के कलेक्टरों से वर्चुअल बैठक कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की समीक्षा की। गुना जिले में हालात बिगड़ने पर सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने लोगों से संयम बरतने की अपील करते हुए स्थिति की जानकारी दी।

श्योपुर जिले में 300 लोगों को जलभराव वाले क्षेत्रों से रेस्क्यू कर राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। शिवपुरी में अटल सागर मणिखेड़ा डैम के 10 गेट खोले गए हैं। जिले में जलभराव के बीच 100 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। खंडवा में इंदिरा सागर बांध के 12 गेट एवं ओंकारेश्वर बांध के 17 गेट खोलें गए हैं। बैतूल में लगातार बारिश जारी है। उधर दमोह जिले में सभी जगह स्थिति सामान्य होने की खबर है। मौसम विभाग ने गुना और श्योपुर में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं विदिशा, सागर, राजगढ़, अशोकनगर, शिवपुरी, मुरैना, दमोह में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बाकी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

**नशे से दूरी**

प्रदेश में चलाया जा रहा नशे से दूरी है जरूरी अभियान आज संपन्न हुआ। इस मौके पर सीहोर के ऑक्सफोर्ड स्कूल में विशेष जागरूकता संगोष्ठी में छात्रों को लघु फिल्म

के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। नर्मदापुरम जिले में नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन  पुलिस लाइन स्थित वेलफेयर भवन में किया गया। जबलपुर जिले में अभियान का समापन श्रीराम कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। मंदसौर जिले में 15 दिवसीय विशेष अभियान कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। खंडवा सहित विभिन्न जिलों में अभियान नशे से दूर रहने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

**सुपर 100 परीक्षा**

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 योजना में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जा रहा है। परीक्षा जिला स्तर पर बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगी। रविवार को प्रथम पाली में सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कक्षा-11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर ढाई बजे से शाम 5 बजे तक कक्षा-11वीं में नीट की तैयारी के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के लिये जिला स्तर पर 57 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 हजार 727 है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार आश्रम इंदौर में प्रवेश दिया जायेगा। सुपर-100 परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिये गये हैं।

**इसरो-निसार**

नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार -निसार उपग्रह का आज शाम सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन -इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के माध्यम से किया गया। इसका उद्देश्य पृथ्वी की भूमि और बर्फीली सतहों का अध्ययन करना है। यह एक एल और

एस-बैंड, वैश्विक, माइक्रोवेव इमेजिंग मिशन है, जिसमें पूर्ण रूप से पोलरिमेट्रिक और इंटरफेरोमेट्रिक डेटा प्राप्त करने की क्षमता है।

**संक्षिप्त**

- झाबुआ जिले में आज शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

- बैतूल जिले में आकांक्षा योजना के अंतर्गत जेईई नीट एवं सीएएलटी की कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा 2 अगस्त को समस्त विकासखंडों के उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय में आयोजित होगी।

- जबलपुर में कल नाम पंचमी पर वन विभाग ने 12 सपेरों से 58 सांप रेस्क्यू किए हैं। जिन्हें वेटरनरी कॉलेज को सौंपा गया।

---------------------